Ph. : 06562-240132

# Janta Shivratri College

Medininagar, Palamau (Jharkhand)
(A Constituent unit of N.P. University)
Web Site :- http://jscollege.co.in / Email Id.:- jscollege9@gmail.com

Letter No. J.S.C./Lib/161/26 Date 10/01/2026

जनता शिवरात्रि महाविद्यालय, मेदिनीनगर के द्वारा पुस्तकों की निविदा EOI के द्वारा प्रकाशित की जा रही है।

<u>पुस्तक क्रय हेतु निविदा के शर्त निम्नवत हैः–</u>

1. सभी निविदाएं द्विलिफाफा प्रणाली (Double Envelop System) के अनुसार डाली जाएगी।
2. निविदादाता एक लिफाफे पर साफ–साफ "तकनीकी बीड" लिखकर उसमें मांगे गये सारे कागजात और प्रमाण–पत्र (जमानत राशि का ड्राफ्ट) डालेंगे एवं उसे मुहरबंद करेंगे तथा उसपर अपना नाम एवं पता साफ–साफ अंकित करेंगे।
3. दूसरे लिफाफे पर साफ–साफ शब्दों में "वित्तीय बीड" अंकित करेंगे, उस लिफाफे में पुस्तकों का दर वित्तीय निविदा के शर्तों के क्रमांक 01 के अनुसार अंकित करेंगे और उसे लिफाफे में डालकर मुहरबंद करेंगे। उस लिफाफे में दर के अलावे कोई अन्य कागजात नहीं डाला जाएगा। उस लिफाफा पर भी नाम एवं पता साफ–साफ अंकित करेंगे।
4. तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड दोनों मुहरबन्द लिफाफे में डालकर उस लिफाफे को बन्द करेंगे और उस पर साफ–साफ "पुस्तक हेतु निविदा" लिफाफे पर अपना नाम एवं दूरभाष संख्या अंकित करेंगे तथा जनता शिवरात्रि महाविद्यालय, मेदिनीनगर में निबंधित डाक के माध्यमं से या महाविद्यालय में उपस्थित होकर दिनांक 20.01.2026 को अपराहन् 02.00 बजे तक जमा करेंगे। प्राचार्य कक्ष में दिनांक 21.01.2026 को अपराहन् 12.30 बजे निविदा को खोला जाएगा।
5. पहले तकनीकी बीड खोली जाएगी और निविदादाताओं की उपस्थिति में ही उनका तकनीकी मूल्यांकन किया जाएगा। तीन तकनीकी बीड सही पाए जाने पर ही जिन निविदादाताओं को तकनीकी रूप से योग्य पाया जाएगा, उन्हीं का वित्तीय बीड खोला जाएगा।

<u>तकनीकी एवं वित्तीय निविदा की शर्तेः–</u>

निविदादाता द्वारा तकनीकी निविदा के लिफाफे में निम्नलिखित कागजात रखे जाएंगे :–

1. तकनीकी निविदा में जमानत की राशि हेतु रू0 15,000.00 (रूपये पंद्रह हजार) मात्र का राष्ट्रीयकृत बैंक का बैंक ड्राफ्ट जो प्राचार्य, जनता शिवरात्रि महाविद्यालय, मेदिनीनगर तथा मेदिनीनगर में भुगतेय जमा करना होगा।
2. निविदा प्रपत्र/दस्तावेज की राशि रू0 3,500/–(तीन हजार पांच सौ रूपये) मात्र राष्ट्रीयकृत बैंक के बैंक ड्राफ्ट,जो प्राचार्य, जनता शिवरात्रि महाविद्यालय, मेदिनीनगर तथा मेदिनीनगर के नाम से भुगतेय होगा।
3. निविदादाता को काली सूची में दर्ज नहीं होने का नोटरी द्वारा सत्यापित अद्यतन शपथ–पत्र देना होगा।
4. पैन सं0 तथा तीन वर्षो का I.T.R. (Income Tax Return) की छायाप्रति देना होगा।
5. GST निबंधन संख्या की छायाप्रति देना होगा।

6. आपूर्तिकर्ता को संबंधित पुस्तकों के प्रकाशक के द्वारा पुस्तकों की आपूर्ति का प्राधिकार पत्र जमा करना होगा।
7. भारत सरकार द्वारा ISO प्रमाण–पत्र 9001 स्व–अभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
8. वित्तीय निविदा के लिफाफे में निविदादाता आपूर्ति की जानेवाली कुल पुस्तकों पर छुट की दर (प्रतिशत में) अंकित करेंगे,

अन्य शर्तेः–

1. जिनकी निविदा स्वीकृत की जाएगी उन्हें आपूर्ति आदेश मिलने पर 30 दिनों के अन्दर पूर्ण सेट सहित पुस्तक जनता शिवरात्रि महाविद्यालय, मेदिनीनगर में पहुंचकर मिलान करनी होगी। आपूर्तिकर्ता को अलग से परिवहन एवं मजदूरी शुल्क देय नहीं होगी। साथ ही ट्रांसपोर्टेशन में किसी प्रकार के नुकसान एवं क्षतिपूर्ति की जिम्मेवारी आपूर्तिकर्ता की होगी।
2. जिन निविदाकरों को कोई क्रय आदेश प्राप्त नहीं होते हैं, उन्हें उनकी सुरक्षा निधि तुलनात्मक पत्र बनने के उपरांत लौटा दी जाएगी, अन्य निविदाकार को संपूर्ण प्रक्रिया होने पर नियमानुसार जमानत राशि/बैंक ड्राफ्ट लौटा दी जाएगी।
3. निविदाकार जिन्हें क्रय आदेश प्राप्त होगी के द्वारा स–समय अथवा पुस्तकों की आपूर्ति नहीं करने पर जमानत राशि जब्त कर ली जाएगी।
4. यह प्रपत्र अहस्तांतरणीय है।
5. निविदादाता को यह बताना आवश्यक होगा कि निम्न सूची में वर्णित पुस्तकों को कितने दिन में प्रदाय कर देंगे।
6. निविदादाता को महाविद्यालय द्वारा प्रदत्त सूची के अनुसार ही पुस्तकों की आपूर्ति करनी होगी।
7. प्रदाय की गयी पुस्तकों के बिल तीन प्रतियों में जमा करना होगा।
8. पुस्तकों के भौतिक सत्यापन एवं स्टॉक रजिस्टर में इन्ट्री के बाद ही विपत्र का भुगतान किया जा सकेगा।
9. किसी भी परिस्थिति में अग्रिम देय नहीं होगा।
10. निविदाकार का पिछले 03 वर्षो का टर्न ओवर 50 लाख या अधिक का होना अनिवार्य है अन्यथा निविदा निरस्त मानी जाएगी।
11. किसी फर्म का कुल क्रयादेश 2.5 लाख (दो लाख पचास हजार) से अधिक होने की स्थिति में 02 दो प्रतिशत टी डी एस का भुगतान करना आवश्यक होगा।
12. किसी भी समय बिना कारण बताए निविदा को रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।
13. किसी भी तरह का विवाद होने पर क्रय समिति एवं निविदा समिति का निर्णय सर्वमान्य होगा।

10/01/26

प्राचार्य
जनता शिवरात्रि महाविद्यालय
मेदिनीनगर, पलामू।

Prof.In-charge
J.S. College, Medininagar
PALAMU